(3) जब कभी आवश्यक हो नीति हस्तक्षेप के माध्यम से उद्योगों की कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उपाय।

(4) श्री जी एल के अन्तर्गत वस्त्र मशीनरी के आयात की अनुमति देने तथा ऐसे आयात पर शुल्क में कटौती करना।

आठवीं पंचवर्षीय योजना में वस्त्र क्षेत्र के लिए निर्धारित धनराशि

2711. **डा. जितेन्द्र कुमार जैन :**

श्री राम जेठमलानी : क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि .

(क) क्या यह सच है कि योजना आयोग ने आठवीं पंचवर्षीय योजन के लिए देश में वस्त्र क्षेत्र के लिए 1008 करोड़ रुपये के परिव्यय का अनुमोदन किया है;

(ख) यदि हां, तो उक्त धनराशि में से सरकार ने मिल क्षेत्र, हथकरघा क्षेत्र तथा विद्युत चालित करघा क्षेत्र के लिए अलग अलग से कितनी धनराशि निर्धारित की है;

(ग) क्या यह सच है कि देश में हथकरघा उद्योग एक श्रम प्रधान उद्योग है तथा अन्यों की तुलना में अधिक रोजगार उपलब्ध कराता है; और

(घ) यदि हां, तो आठवीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक हथकरघा क्षेत्र में कितने कामगारों को रोजगार मिलने की संभावना है?

वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जी. वेंकट स्वामी)

(क) जी हां।

(ख) सरकार द्वारा मिल क्षेत्र, हथकरघा क्षेत्र तथा विद्युतकरघा क्षेत्र के लिए उदृष्ट की गई राशि निम्न प्रकार है :--

(करोड़ रु. में)

मिल क्षेत्र	155.00
हथकरघा क्षेत्र	300.00 (हथकरघा विकास केन्द्रों की स्थापना के लिए 321.00 करोड़ रु. का अलग नियतन)
विद्युत करघा क्षेत्र	18.00

(ग) जी हां।

(घ) आठवीं योजना के अन्तिम वर्ष में हथकरघा क्षेत्र में पैदा किये जाने वाले रोजगार का अनुमान 134.40 लाख व्यक्ति है।

बेरोजगार वस्त्र श्रमिकों का पुनर्वास

2712. **श्री राजु भाई ए. परमार :** क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि .

(क) कपड़ा मिलों के बन्द होने से बेरोजगार हुए श्रमिकों के पुनर्वास हेतु चालू वर्ष के दौरान कितनी धनराशि निर्धारित की गई है;

(ख) उन श्रमिकों का ब्यौरा क्या है जिन्हें अब तक राहत राशि प्रदान कर दी गई है;

(ग) उन श्रमिकों, विशेषकर गुजरात में, की संख्या कितनी है जिन्हें यह राहत राशि प्रदान करना बाकी है;

(घ) ये श्रमिक कब से बेरोजगार हुए हैं;

(ङ) इन बेरोजगार श्रमिकों को कब तक राहत राशि का भुगतान किये जाने की संभावना है;

(च) क्या बन्द पड़ी कपड़ा मिलों को पुनः चालू करने से संबंधित कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(छ) यदि हां, तो कब तक तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जी. वेंकटस्वामी) : (क) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान वस्त्र कामगार पुनर्वास निधि योजना के अंतर्गत 4783 करोड़ रु. का प्रावधान (बजट प्राक्कलन) किया गया है।

(ख) से (घ) एक विवरण (नीचे देखिए) संलग्न है।

(ङ) कोई ठीक समय नहीं बताया जा सकता क्योंकि वस्त्र कामगार पुनर्वास निधि योजना के अन्तर्गत भुगतान की प्रक्रिया चल रही है क्योंकि सरकारी अपार्कता भविष्य निधि आयुक्त जैसे राज्य